हे जगत के पालनहारी

हे जगत के पालनहारी तू सुन ले बात हमारी,

जो भी तेरे द्वारा आया,
पूरी कर दी मन की आशा,
खाली हाथ न जाने देता,
भर दे उसकी झोली खाली,
हे जगत के पालनहारी तू सुन ले बात हमारी,

मोह माया से छूट जाये तेरे ही नाम का गुण गाये,
सुख और दुःख में ध्यान लगाये,
ऐसे तो कुछ करदे साई,
हे जगत के पालनहारी तू सुन ले बात हमारी,

राम कहे या कहे रहीम,
ईश्वर अल्ल्हा तेरे नाम,
सभी को आना है तेरे धाम,
राह दिखा दो इक तुम्हारी,
हे जगत के पालनहारी तू सुन ले बात हमारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10884/title/he-jagat-ke-palanhaari-tu-sun-le-baat-hamari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |